NEWS CLIPPING: 26.07.2018

DAINIK JAGRAN

वाईएमसीए विवि में बीटेक की सीटें खाली, मांगे गए आवेदन

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विवि द्वारा बीटेक तथा बीटेक लेटरल एंट्री कोर्स की सीटें भर नहीं पाई है। अब विवि ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीट पर दाखिले के लिए तीन अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं, इसके लिए मैनुअल काउंसलिंग का कार्यक्रम भी घोषित किया है। रिक्त सीटों पर दाखिले विवि स्तर पर मैनुअल काउंसलिंग से किए जाएंगे। विवि स्तर पर बीटेक लेटरल एंट्री में सभी वर्गों, बीटेक की कश्मीरी विस्थापित, शिक्षण शुल्क छूट श्रेणी तथा हरियाणा सरकार स्कूल टॉपर श्रेणी में रिक्त सीटों के लिए पहली मैनुअल काउंसलिंग छह अगस्त को होगी, जबकि बीटेक की सभी वर्गों की रिक्त सीटों के लिए पहली मैनुअल काउंसलिंग सात व आठ अगस्त को होगी। इसके अलावा बीटेक लेटरल एंट्री में मैनुअल काउंसलिंग दस अगस्त को, जबकि बीटेक की दूसरी काउंसलिंग 13 व 14 अगस्त को होगी। सभी रिक्त सीटों पर दाखिले जेईई मुख्य परीक्षा 2018 के रैंक, ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (ओएलईटी) 2018 तथा हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली पहली काउंसलिंग में दाखिले हरियाणा सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार किए जाएंगे, जबकि दूसरी काउंसलिंग में दाखिला बिना आरक्षण के होगा।

NEWS CLIPPING: 26.07.2018

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए में बीटेक की रिक्त सीटों के लिए आवेदन मांगे

फरीदाबाद | वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने बीटेक व बीटेक लेटरल एंट्री के विभिन्न पाठ्यक्रमों में विभिन्न वर्गों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 3 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। मैन्युअल काउंसलिंग का कार्यक्रम घोषित किया गया है। सभी रिक्त सीटों पर दाखिले विश्वविद्यालय स्तर पर मैन्युअल काउंसलिंग से किए जाएंगे। बीटेक लेटरल एंट्री में सभी वर्गों व बीटेक की कश्मीरी विस्थापित, शिक्षण शुल्क छूट श्रेणी तथा हरियाणा सरकार स्कूल टॉपर श्रेणी में रिक्त सीटों के लिए पहली मैन्युअल काउंसलिंग 6 अगस्त को होगी। बीटेक की सभी वर्गों की रिक्त सीटों के लिए पहली मैन्युअल काउंसलिंग 7 व 8 अगस्त को होगी। विवि स्तर पर बीटेक लेटरल एंट्री में सभी वर्गों व बीटेक की कश्मीरी विस्थापित, शिक्षण शुल्क छूट श्रेणी व हरियाणा सरकार स्कूल टॉपर श्रेणी में रिक्त सीटों के लिए दूसरी मैन्युअल काउंसलिंग 10 अगस्त को होगी। बीटेक की सभी वर्गों की रिक्त सीटों के लिए दूसरी मैन्युअल काउंसलिंग 13 व 14 अगस्त को होगी। सभी रिक्त सीटों पर दाखिले जेईई मुख्य परीक्षा 2018 के रैंक, ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (ओएलईटी) तथा हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी की मैरिट के आधार पर किए जाएंगे।

NEWS CLIPPING: 26.07.2018

NAVBHARAT TIMES

खाली सीटों के लिए मांगे आवेदन

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी द्वारा बीटेक और बीटेक लेट्रल एंट्री के कोर्सों में खाली रह गई सीटों के लिए दोबारा से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा 3 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। साथ ही मैनुअल काउंसलिंग का कार्यक्रम भी घोषित किया गया है। यूनिवर्सिटी के अकादमिक डीन डॉ.विक्रम सिंह के अनुसार खाली सीटों पर दाखिले के लिए मैनअुल काउंसलिंग की जाएगी। पहली काउंसलिंग 6, 7 और 8 अगस्त को होगी जबकि दूसरी 10, 13 और 14 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

NEWS CLIPPING: 26.07.2018

AMAR UJALA

बीटेक की रिक्त सीटों के लिए आवेदन मांगे

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बीटेक और बीटेक लेटरल एंट्री के पाठ्यक्रमों में विभिन्न वर्गों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 3 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। सभी रिक्त सीटों पर दाखिले विश्वविद्यालय स्तर पर मैनुअल काउंसलिंग प्रक्रिया से दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर बीटेक लेटरल एंट्री में सभी वर्गों और बीटेक की कश्मीरी विस्थापित, शिक्षण शुल्क छूट श्रेणी के साथ ही हरियाणा सरकार स्कूल टॉपर श्रेणी में रिक्त सीटों के लिए पहली मैनुअल काउंसलिंग 6 अगस्त को आयोजित की जाएगी, जबकि बीटेक के सभी वर्गों की रिक्त सीटों के लिए पहली मैनुअल काउंसलिंग 7 व 8 अगस्त को होगी। ब्यूरो